NBT

नवभारत टाइम्स

नई दिल्ली › शुक्रवार, 17 जुलाई 2020 › आषाढ़ 26 शक संवत 1942 श्रावण कृष्ण द्वादशी विक्रम संवत 2077 पेज 16› मूल्य 4.50 या 8.50 रुपये

इन स्टूडेंट्स की मेहनत रंग लाई

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

10वीं के बेहतरीन रिजल्ट के बाद स्टूडेंट्स के साथ-साथ टीचर्स और पैरंट्स भी खुश है

सीबीएसई के 10वीं रिजल्ट ने कई स्टूडेंट्स ने बढ़िया परफॉर्मेंस दी है। टैगोर इंटरनैशनल स्कूल, ईस्ट ऑफ कैलाश की दीक्षिता सिंघल ने 99% स्कोर के साथ स्कूल टॉप किया है। इसी स्कूल की शिनम इकबाल और श्रद्धा सबरवाल ने 97.2% मार्क्स पाए हैं। तीनों के मैथ्स में 100% मार्क्स हैं।

रामजस स्कूल पूसा रोड के स्टूडेंट अमन उनियाल ने 98% फीसदी अंक लाकर परिवार का मान बढ़ाया है। अमन को संस्कृत विषय में 100 अंक मिले हैं। उन्हें आईसीटी में भी 100 अंक हासिल हुए हैं।

डीपीएस मथुरा रोड के प्रणव श्रीमल ने 98%, आहना दुर्गे ने 97.8% और ओमर इस्लाम लस्कर ने 97.2% मार्क्स हासिल किए हैं। वसंत वैली स्कूल की कात्यायनी झा और इंडियन स्कूल की वेदिका गुप्ता ने 97.2% स्कोर पाकर अपने-अपने स्कूल टॉप किया है। मदर इंटरनैशनल स्कूल में आइशी एम सिंह ने 98.2%, आरुषी बावा ने 98% और विजवल ने 97.8% मार्क्स पाए हैं। जीजस एंड मेरी कॉन्वेंट की आरुषी जैन और कशिश भाटिया ने 98.2% और उर्वी गुप्ता ने 97.4% स्कोर हासिल किया है। राजकीय विकास प्रतिभा विद्यालय सूरजमल विहार की मनमीत ने 94.2% हासिल किए हैं। गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकंडरी स्कूल, बी 2 यमुना विहार की गोरी श्रीवास्तव ने 97.6% और पलक ने 93.8% मार्क्स पाए हैं। सेंट पीटर्स कॉन्वेंट स्कूल विकासपुरी की प्रिंसिपल सुरजीत कौर ने बताया कि कृति शर्मा ने 92.6 पर्सेंट के साथ स्कूल में टॉप किया है। छवि अरोड़ा, कृष शर्मा भी टॉपर रहे हैं। रुपांशी गुप्ता, दिव्यांशी, गौरव अरोड़ा ने अलग- अलग सब्जेक्ट्स में हाई स्कोर किया है। माउंट आबू पब्लिक स्कूल रोहिणी में सात्विकी चावला ने 97 पर्सेंट के साथ टॉप किया है। प्रिंसिपल ज्योति अरोड़ा ने बताया कि पारुल अरोड़ा ने 96.5, [illegible] ने 96.3, [illegible] ने 96 फीसदी स्कोर किया है। एम.एम. पब्लिक स्कूल वसुधा एंक्लेव पीतमपुरा में 100 पर्सेंट रिजल्ट रहा है। लवी हसीजा 98 फीसदी, निशांत पालीवाल को 97 और अंकुश दुआ को 96 फीसदी नंबर मिले हैं। स्कूल में इस बार 90 फीसदी से ज्यादा नंबर पाने वाले स्टूडेंट्स का नंबर पिछले साल से ज्यादा रहा है। [illegible] पब्लिक स्कूल, समालखा का रिजल्ट 100 फीसदी रहा है। स्कूल के चेयरमैन पवन वत्स व मैनेजर पीयूष वत्स ने बताया कि संचय ने 98.8, अमन कुमार 97.4, वरुन चौधरी 97.4, हार्दिक चौधरी और भावेश भारद्वाज ने 97.2 फीसदी स्कोर किया है।